हम राम जी वाले हैं | by Kushal Singh Rathor

सुनलो दुनिया वालों सीना ठोक के कहने वाले हैं
हम राम जी वाले हैं, सियाराम वाले हैं

पत्थर सारे कट ही चुके हैं मंदिर भी बन जायेगा
राम भूमि पे राम राज का राम ध्वजा फहराएगा
लहराने वाले हैं, भगवा लहराने वाले हैं
हम राम जी वाले हैं, सियाराम वाले हैं

कार सेवकों का सपना अब पूरा होने वाला है
सदियों की मेहनत का फल अब जाकर मिलने वाला है
बनवाने वाले हैं मंदिर बनवाने वाले हैं
हम राम जी वाले हैं, सियाराम वाले हैं

जो राम नहीं बोला करते क्या रखा उनके जीने में
लक्की तो बजरंगी हैं श्री राम मिलेंगे सीने में
हम गाने वाले हैं राम धुन गाने वाले हैं
हम राम जी वाले हैं, सियाराम वाले हैं

राजतिलक की करो तैयारी
आ रहे हैं भगवाधारी
बच्चा बच्चा राम का
जन्मभूमि के काम का
सौगंध राम की खाते हैं
मंदिर भव्य बनाएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-kushal-singh-rathor/